भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1175
दिनांक 11 फरवरी, 2025 / 22 माघ, 1946 (शक) को उत्तर के लिए

बांग्लादेश के साथ भूमि सीमा पर बाड़बंदी

†1175. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बांग्लादेश के साथ सीमा क्षेत्र वाली कुल भूमि का ब्यौरा क्या है;

(ख) बांग्लादेश के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले राज्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) बांग्लादेश के साथ जिस भूमि सीमा पर बाड़बंदी नहीं हुई है उसकी कुल लंबाई का ब्यौरा क्या है; और

(घ) बांग्लादेश के साथ लगी भूमि सीमा पर बाड़ न लगाए जाने के क्या कारण हैं ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क): भारत-बांग्लादेश सीमा की कुल लंबाई 4096.7 किलोमीटर है।

(ख): बांग्लादेश के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले राज्य हैं - पश्चिम बंगाल (2216.7 किमी), असम (263 किमी), मेघालय (443 किमी), त्रिपुरा (856 किमी) और मिजोरम (318 किमी)।

(ग): भारत-बांग्लादेश सीमा के 864.482 किलोमीटर में बाड़ लगाये जाना बाकी है, जिसमें 174.514 किलोमीटर की अव्यवहारिक अंतराल (non-feasible gap) भी शामिल है।

(घ): बांग्लादेश के साथ भूमि सीमा का एक हिस्सा अब भी बिना बाड़ के है, जिसके पीछे मुख्य चुनौतियाँ हैं- दलदली और भूस्खलन संभावित कठिन भू-भाग, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (BGB) की आपत्तियाँ, सीमित कार्य अवधि, और भूमि अधिग्रहण में देरी।

****